आईआईएम के सर्टिफिकेट प्रोग्राम का पहला मॉड्यूल शुरू

कार्यशाला को मंगलवार को संबोधित करते विशेषज्ञ।

रांची। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची ने जमीनी स्तर पर नेतृत्व विकास और स्थानीय शासन के लिए समर्पित अपने प्रमाणपत्र कार्यक्रम के पहले शैक्षणिक मॉड्यूल की शुरुआत मंगलवार को की। टाटा स्टील फाउंडेशन डेवलपमेंट कॉरिडोर फेलो के लिए तैयार किया गया यह कार्यक्रम, आईआईएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में शुरू हुआ।

यह सर्टिफिकेट कार्यक्रम चार आवासीय शैक्षणिक मॉड्यूल में विभाजित है और हर मॉड्यूल 10 दिनों तक चलता है। पाठ्यक्रम में स्थानीय प्रशासन, सामुदायिक विकास, परियोजना प्रबंधन, नेतृत्व विकास और व्यक्तिगत विकास सहित विविध प्रकार के पाठ्यक्रम शामिल हैं। ये पाठ्यक्रम प्रतिभागियों को प्रभावशाली जमीनी स्तर के नेताओं के रूप में विकसित करने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

Hindustan, 29.11.2023, P.6